# पीएम आवास योजना (शहरी) ने पूरा किया बिजली मिस्त्री संजीव महतो का 'अपने घर' का सपना

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

Housing For All

## सरकार के सहयोग के कारण मिला खुशियों का आशियाना

**मानगो क्षेत्र में 720 आवास का हो चुका है निर्माण**

**जमशेदपुर:** गरीबी एवं लाचारी के कारण मकान जैसी मूलभूत आवश्यकता संजीव कुमार महतो के लिए एक सपने के समान था. पेशे से बिजली मिस्त्री संजीव कुमार महतो का कहना है कि उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं. पूर्व में उनके घर में पानी, बिजली, गैस, शौचालय आदि किसी भी चीज की सुविधा नहीं थी. बच्चों के पठन-पाठन में भी काफी असुविधा होती थी. श्री महतो काफी मेहनत करते हुए भी अपने भाग्य को हमेशा कोसते रहते थे. परंतु सच कहा गया है ईश्वर प्रत्येक इंसान को जीवन में एक बार सुखमय जीवन का अवसर अवश्य देते हैं. सरकार की योजना का लाभ लेकर उन्होंने अपने सपनों को पूरा किया. वह दिन संजीव कुमार महतो के लिए अति सुखदाई था जिस दिन मानगो नगर निगम के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बारे में जानकारी देते हुए आवास निर्माण हेतु आवेदन फॉर्म भराया गया. इस योजना के तहत सरकार द्वारा 225000 लाख रुपए की सहयोग राशि श्री महतो को प्राप्त हुई. इसके बाद उन्होंने सुंदर आशियाने का निर्माण करवाया. अब जमशेदपुर के भौगोलिक सुंदरता को बढ़ाने वाले वृहद दलमा पहाड़ के नजदीक मानगो रिपीट कॉलोनी में उनका सुंदर आशियाना अवस्थित है. सरकार के सहयोग से आज घर के सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है. श्री महतो का कहना है कि वह अपने परिवार के साथ काफी शांति, सुकून एवं सुरक्षित तथा सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक 4 के तहत मानगो नगर निगम अंतर्गत अब तक 720 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सेल के नोडल पदाधिकारी श्री दिनेश्वर यादव को अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने हेतु लाभुकों से संपर्क कर यथाशीघ्र आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है.

## सरकार के सहयोग से बिजली मिस्त्री को मिला आशियाना



**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मानगो के बिजली मिस्त्री संजीव महतो का भी अपने घर का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ. मानगो नगर निगम के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बारे में जानकारी देते हुए आवास निर्माण के लिए आवेदन फॉर्म भरवाया. संजीव कुमार महतो के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं. पूर्व में उनके घर में पानी, बिजली, गैस, शौचालय आदि की सुविधा नहीं थी. लेकिन आज उनके घर में सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं.

**मानगो में 720 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण : दीपक सहाय**

निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक 4 के तहत निगम क्षेत्र में अब तक 720 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. इच्छुक लाभुक इस योजना का लाभ लेने के लिए नगर निगम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं. प्रधानमंत्री आवास योजना सेल के नोडल पदाधिकारी दिनेश्वर यादव को अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने के लिए लाभुकों से संपर्क कर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA